मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-285
28/04/2026

मुख्यमंत्री ने बड़ी पटनदेवी मंदिर, छोटी पटनदेवी मंदिर तथा जल्ला हनुमान मंदिर, पटना सिटी में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को और विकसित करायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो

- जल्ला हनुमान मंदिर के पास जलजमाव की समस्या के समाधान को लेकर जल संसाधन विभाग योजना बनाकर इस क्षेत्र का समुचित विकास और सौंदर्यीकरण कराये

पटना, 28 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बड़ी पटनदेवी मंदिर और छोटी पटनदेवी मंदिर, पटना सिटी में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री को विधिवत पूजा करायी।

पूजा–अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा इसे और विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर बनाने की योजना पर काम करें। वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था ठीक करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें पूजा–पाठ में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती ममता चौधरी के साथ जल्ला हनुमान मंदिर, बेगमपुर, पटना सिटी में भी विधिवत् पूजा अर्चना की तथा राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की।

पूजा–अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जल्ला हनुमान मंदिर के पास जलजमाव की समस्या बनी रहती है। समस्या के समाधान को लेकर जल संसाधन विभाग योजना बनाकर इस क्षेत्र का समुचित विकास और सौंदर्यीकरण कराये।

मुख्यमंत्री को मंदिर समिति द्वारा चुनरी, प्रसाद एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

मंदिर जाने के क्रम में जगह–जगह पर लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और भारी उत्साह के साथ जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर समस्तीपुर की सांसद श्रीमती शांभवी चौधरी, पटना साहिब के विधायक श्री रत्नेश कुशवाहा, बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद् के सदस्य श्री सायन कुणाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन

एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******